संशोधित समाचार

# कोरबा के विकास के लिए प्रतिष्ठानों के और अधिक सहयोग की जरूरत, दायित्वों को पूरी गंभीरता से लें प्रतिष्ठान–राजस्व मंत्री

(राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने महापौर, कलेक्टर की उपस्थिति में ली सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की बैठक, विकास कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की)



कोरबा 27 फरवरी 2021 –राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज कहा कि कोरबा के विकास के लिए यहां पर स्थित सार्वजनिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों ने सदैव अपना सहयोग दिया है, किन्तु अभी और अधिक सहयोग की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि कोरबा शहर एवं जिले के विकास के लिए जो भी दायित्व प्रतिष्ठानों को सौपे जाते हैं, उन्हें वे पूरी गंभीरता से लें तथा दायित्वों का तत्परता के साथ निर्वहन करें।

उक्त बातें राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आज सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में आज राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल एवं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद की उपस्थिति में सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों की बैठक ली तथा प्रतिष्ठानों को पूर्व में सौपे गए विकास कार्यो की वर्तमान कार्यप्रगति की समीक्षा की। बैठक में सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, आयुक्त श्री एस.जयवर्धन, अपर कलेक्टर श्रीमती प्रियंका महोबिया, एस.ई.सी.एल.बिलासपुर जोन के टेक्निकल डायरेक्टर श्री पाल, अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, एन.टी.पी.सी.के सीजीएम., एस.ई.सी.एल. कोरबा, कुसमुण्डा, गेवरा, दीपका के सीजीएम, बालको, आई.ओ.सी.एल. तथा पी.डब्ल्यू.डी. के अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के साथ–साथ पार्षद श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल उपस्थित थे। बैठक के दौरान परिवहननगर चौक से एस.ई.सी.एल. जी.एम. आफिस तक सड़क चौड़ीकरण कार्य एवं एस.ई.सी.एल.क्षेत्र की अन्य सड़कों की मरम्मत का कार्य, सीतामणी इमलीडुग्गू चौक से बरबसपुर चौक तक फोरलेन बीटी तथा सी.सी.सड़क निर्माण, सुनालिया ज्वेलर्स से रेलवे स्टेशन मार्ग के पास अंडरब्रिज निर्माण, मानिकपुर रेलवे स्टेशन के पास अंडरब्रिज निर्माण, बांकीमोंगरा सुराकछार मुख्य मार्ग के

सड़क का मरम्मत एवं डामरीकरण कार्य, दर्री डेम से एन.टी.पी.सी. गेट नम्बर–2 तक टू–लेन डिवाईडेड सड़क का निर्माण, एन.टी.पी.सी. सेकेण्ड गेट से गोपालपुर तक टू–लेन सड़क का निर्माण कार्य, ध्यानचंद चौक से पॉलीटेक्निक कालेज तक फोरलेन सड़क निर्माण, पॉलीटेक्निक कालेज से परसाभांठा चौक तक फोरलेन सड़क का निर्माण, साकेत भवन से रेलवे क्रांसिंग बालको रोड तक फोरलेन सड़क का निर्माण, रेलवे क्रांसिंग से बालको चौक तक फोरलेन सड़क का निर्माण, बालको जोन अंतर्गत चेकपोस्ट से रिसदा चौक, रिसदा चौक से बालको जोन कार्यालय तक सड़क डामरीकरण कार्य, नगर निगम क्षेत्र के सभी पुल–पुलियों की मरम्मत, पुलियों में रेलिंग निर्माण, क्षतिग्रस्त सड़क का मरम्मत कार्य, गेरवाघाट से राताखार बाईपास सड़क मरम्मत निर्माण कार्य, राताखार ब्रिज का एप्रोच रोड कार्य, सी.एस.ई.बी.चौक से दर्री बराज तक फोरलेन सड़क का निर्माण तथा शहर की प्रमुख 08 सड़कों का बीटी सड़क नवीनीकरण कार्य आदि कार्यो की वर्तमान कार्यप्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की। इन कार्यो में से जिन कार्यो की कार्यप्रगति अत्यंत धीमी है, उन्हें गंभीरता से लेते हुए राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कार्यप्रगति में त्वरित गति लाने के कड़े निर्देश दिए।

<u>08 डायलिसिस मशीनें लगाएंगे प्रतिष्ठान</u>– बैठक के दौरान राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने मरीजों के लिए 08 नई डायलिसिस मशीनें लगाए जाने के निर्देश प्रतिष्ठानों को दिए। उन्होने बालको को 02, एस.ई.सी.एल कोरबा एवं कुसमुण्डा को 02–02 तथा एन.टी.पी.सी. को 02 डायलिसिस मशीन अपने अस्पतालों में स्थापित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन ने जिला अस्पताल में 05 डायलिसिस मशीनें लगाई गई हैं, कोरबा बड़ा एवं उपनगरीय क्षेत्र है, मरीजों की संख्या भी ज्यादा है, मरीजों को डायलिसिस हेतु दूर तक न जाना पड़े। प्रतिष्ठानों द्वारा डायलिसिस मशीनें लगाए जाने से इन मरीजों को बहुत अधिक सहूलियत हो जाएगी।

<u>सर्वमंगला इमलीछापर रोड मेन्टेन करें</u>–राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने एस.ई.सी.एल.अधिकारियों को निर्देश दिए कि चूंकि सर्वमंगला इमलीछापर रोड बनने में दो से ढाई वर्ष तक का समय लग सकता है, अतः आमनागरिकों की सुविधा व आवागमन की सहूलियत के लिए वर्तमान सड़क का कार्य पूर्ण होते तक मेन्टेनेस सुनिश्चित कराएं, इस हेतु आवश्यक प्रस्ताव त्वरित रूप से बनाएं तथा कार्य प्रक्रिया में लायें।

<u>चौक–चौराहों की जिम्मेदारी प्रतिष्ठानों की</u>– बैठक के दौरान राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने निगम के क्षेत्र के विभिन्न चौक–चौराहोंके सौदंर्यीकरण व रखरखाव का कार्य औद्योगिक संस्थानों के द्वारा अथवा उनके आर्थिक सहयोग से किए जाने पर चर्चा करते हुए प्रतिष्ठानों को चौक–चौराहों की जिम्मेदारी दिए जाने के निर्देश दिए, जिनमें तानसेन चौक व परसाभांठा चौक बालको को, सुभाष चौक, महाराणा प्रताप चौक, गुरूघासीदास चौक, टी.पी.नगर चौक की जिम्मेदारी एस.ई.सी.एल.कोरबा को, जेलगांव चौक, ध्यानचंद चौक की जिम्मेदारी एन.टी.पी.सी. को, सी.एस.ई.बी.चौक की जिम्मेदारी सी.एस.ई.बी.को तथा शास्त्री चौक की जिम्मेदारी आई.ओ.सी.एल. को दी गई। कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने इन चौक–चौराहों के साथ ही कटघोरा मुख्य चौक एवं दीपका के मुख्य चौक के सौदंर्यीकरण व रखरखाव की जिम्मेदारी क्रमशः एस.ई.सी.एल.गेवरा व दीपका को सौपे जाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त निगम क्षेत्र में प्रवेश के सभी प्रमुख मार्गो में गौमाता चौक इमलीडुग्गू की तरह प्रवेश द्वार व सौदंर्यीकरण विभिन्न प्रतिष्ठानों से कराए जाने हेतु प्रस्ताव भेजने के संबंध में निर्देशित किया।

<u>विस्थापित ग्रामों के विकास पर ध्यान दें</u>– बैठक के दौरान राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने एन.टी.पी.सी. व एस.ई.सी.एल. के विस्थापित ग्रामों में आवश्यक विकास व निर्माण कार्य करने, मूलभूत सुविधाओं की बेहतरी की दिशा में कदम उठाने तथा ग्रामों की अन्य समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के संबंध में भी प्रतिष्ठानों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने आई.ओ.सी.एल. के द्वारा विकास कार्यो के प्रति उदासीनता एवं सौपे गए दायित्वों का समय पर निर्वहन न किए जाने पर नाराजगी जताते हुए दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से किए जाने के निर्देश दिए, साथ ही उक्त प्रतिष्ठान द्वारा बनाए गए 03 सामुदायिक भवनों की सुरक्षा हेतु बाउण्ड्रीवाल बनाए जाने के निर्देश भी दिए।

<u>वर्मी कम्पोस्ट का क्रय गोठानों से ही करें</u>– बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने सभी सार्वजनिक प्रतिष्ठानों को निर्देश दिए कि वे अपने उद्यानों हेतु वर्मी कम्पोस्ट का क्रय केवल गोठानों से ही करें, इस संबंध में शासन के भी निर्देश है, अतः अनिवार्य रूप से यह सुनिश्चित कर लें कि वर्मी कम्पोस्ट गोठानों से ही खरीदा जाएगा। उन्होने प्रत्येक प्रतिष्ठान को एक–एक हजार क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट गोठानों से क्रय किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होने स्मोकलेस कोरबा अभियान में प्रतिष्ठानों की सक्रिय सहभागिता देने एवं कोयला चोरी को रोकने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

**<u>विकास कार्यो के प्रति गंभीर रूख अपनाए प्रतिष्ठान</u>**– कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने सार्वजनिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों से कहा कि वे विकास कार्यो के प्रति गंभीर रूख अपनाएं तथा सौपे गए विकास कार्यो पर त्वरित रूप से कार्यवाही करें। उन्होने सुनालिया ज्वेलर्स से रेलवे स्टेशन मार्ग के पास अंडरब्रिज निर्माण एवं मानिकपुर रेलवे स्टेशन के पास अंडरब्रिज निर्माण की स्वीकृति एस.ई.सी.एल.मुख्यालय से अभी तक प्राप्त न होने को गंभीरता से लेते हुए कहा कि मुख्यालय से जिम्मेदार अधिकारी को 06 मार्च को बुलाएं, जो इंजीनियरों के साथ सभी बिन्दुओं का आवश्यक परीक्षण करने के पश्चात आयुक्त नगर निगम के साथ मीटिंग कर प्रकरण का समाधान करें एवं स्वीकृति को अंतिम रूप दिलाएं।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**(रावेन्द्र सिंह)**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)